

# भगवान महेश के जयकारों से गूंजा शहर

## महेश नवमी पर माहेश्वरी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

सिटी रिपोर्टर

**भोपाल, 23 जून. महेश नवमी के अवसर पर मंगलवार को माहेश्वरी समाज द्वारा गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भगवान महेश जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई. यह यात्रा राजधानी के लिंक रोड-1 स्थित मयूरी गार्डन से प्रारंभ हुई, जो गुजराती भवन पहुंची. शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. इस शोभायात्रा में ऊंट और घोड़ों पर सवार श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहे, इस दौरान 'जय महेश' और भगवान शिव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा.**



यात्रा के दौरान सामाजिक संदेश भी दिए गए, जिनमें पर्यावरण बचाओ, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश प्रमुख रहे. शोभायात्रा में राम-सीता और शिव-पार्वती के बाल स्वरूप की आकर्षक झांकियां शामिल थीं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं. गुजराती समाज भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस दौरान विभिन्न अंचलों- दक्षिणांचल, मध्यांचल और पूर्वांचल द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं. कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण भी किया गया. पूरे आयोजन में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और वातावरण पूरी तरह भक्ति एवं उत्साह से परिपूर्ण रहा. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विकास मूंदड़ा, सचिव सुरेश लाहोटी, रूपनारायण भट्टर सहित माहेश्वरी समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# जनपरिषद से जुड़े लोगों को विशिष्ट प्रतिभा सम्मान

▸ रवीन्द्र भवन में जन परिषद का 37 वां वार्षिक समारोह

निज संवाददाता

**भोपाल 23 जून. रवीन्द्र भवन में मंगलवार शाम जन परिषद का 37वां वार्षिक समारोह आयोजित हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई. इसके बाद सत्यम शिवम सुंदर की प्रस्तुति ने माहौल को गरिमामय बना दिया. शहर के अलग-अलग इलाकों से आए लोग पूरे समय कार्यक्रम से जुड़े रहे मंच से संयोजक ने संस्था की सालभर की गतिविधियों और सामाजिक कामों पर विस्तार से जानकारी दी गई.**

कार्यक्रम में पूर्व राजनयिक (अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार) दीपक वोहरा, डीजी कैलाश मकवाणा, एयर मार्शल प्रमोद श्रीवास्तव और एडिशनल चीफ सेक्रेटरी अनुपम राजन सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे. जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने अपने संबोधन में संस्था के बढ़ते दायरे और समाज में किए जा रहे कार्यों का जिक्र किया. समारोह के दौरान जन परिषद से जुड़े कई लोगों को उनकी विशिष्ट प्रतिभा और समाजसेवा के लिए सम्मानित भी किया गया. सम्मान के समय सभागार तालियों से गूंजता रहा.संस्था के बारे में बताया गया कि देश में इसके 300 से अधिक और विदेशों में 7 चैप्टर्स सक्रिय हैं.




### विभिन्न सम्मानों से सम्मानित विभूतियां

- **एंबेसडर ऑफ एक्सीलेंस सम्मान-** पूर्व राजदूत दीपक वोहरा
- **एक्सीलेंट गार्जियन ऑफ द हार्ट सम्मान-** डॉ. सुब्रतो मंडल
- **कवि प्रदीप चौबे सम्मान-** प्रेमचंद द्वितीय (बड़नगर)
- **सांसद विजय खंडेलवाल सम्मान-** मनोज तिवारी (गढ़ाकोटा)
- **ललित श्रीवास्तव सम्मान-** मोहन परिहार
- **कुलभूषण दल्लौरी सम्मान-** ललित अग्रवाल (इंदौर), अमित शर्मा एवं आशीष श्रीवास्तव.
- **राजकमल श्रीवास्तव सम्मान-** डॉ. रूबी खान
- **मां प्रभादेवी सम्मान-** उरज मिश्रा, शिल्पी अभिषेक भार्गव (गढ़ाकोटा), अतुल बनारसी, अंशुमन खरे, डॉ. प्रगति सेठ (झांसी), मोहन अग्रवाल
- **लक्ष्मी रायकवार सम्मान-**कमल सिंह
- **डॉ. मंगल प्रसाद अग्रवाल सम्मान-** भरत तिवारी (सागर)
- **एक्टिव मेंबर्स ऑफ द ईयर-** विनोद श्रीवास्तव, दुर्गेश रैकवार, नितिन श्रीवास्तव, संदीप गोलू तथा रामेश्वर.

# 4 स्केटर्स का राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयन

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 जून. भोपाल स्थित कैंपियन स्कूल के चार रोलर स्केटर्स का चयन 21वीं आईस स्केटिंग नेशनल चैंपियनशिप 2026 के लिए मध्य प्रदेश टीम में हुआ है. यह प्रतियोगिता 25 से 30 जून तक देहरादून के हिमाद्री आईस स्केटिंग रिंक में आयोजित होगी. इसमें देशभर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे.**

भोपाल के ऋषिका पंडित, संयम मिश्रा, प्रथेश विश्वकर्मा और याने खलखो मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे. चारों खिलाड़ी अलग-अलग आयु वर्ग और स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेंगे.



> राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने पर इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है. उन्हें कैंपियन स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक और कोच संजय मिश्रा लगातार प्रशिक्षण दे रहे हैं. स्कूल प्रबंधन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर भोपाल और मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेंगे. खिलाड़ी देहरादून पहुंच चुके हैं.

### ग्वालियर के यशवर्धन को मिली अंडर-19 टीम की कमान

**भोपाल (खेल प्रतिनिधि).** मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी युवा क्रिकेटर यशवर्धन सिंह चौहान को भारतीय अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया है. वह आगामी श्रीलंका दौरे पर टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे. खास बात यह है कि उन्हें वनडे और मल्टी डे, दोनों वर्गों के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है. यशवर्धन को यह मौका घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर मिला है. खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने भी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है.



## एक नजर में



### भोपाल के खिलाड़ियों की मदद से मप्र चैंपियन

**भोपाल, (खेल प्रतिनिधि).** युवा कल्याण एवं खेल विभाग व रेलवे इंस्टीट्यूट के संयुक्त प्रयास से आयोजित 34 वीं सेंटर इंडिया कराटे प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश ने 39 पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया. मध्य प्रदेश की इस सफलता में भोपाल के खिलाड़ियों का खास योगदान रहा. खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को पहला स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई. प्रतियोगिता के साथ ओपन कराटे स्पर्धा के लिए भी खिलाड़ियों का चयन किया गया. खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर कोच ग्रैंड मास्टर सईद शेख और कोच शिहान शहबाज शेख ने उन्हें बधाई दी. ग्रैंड मास्टर सईद शेख ने बताया कि बच्चों को सिर्फ कराटे की ट्रेनिंग नहीं दी जाती, बल्कि अनुशासन, फिटनेस और आत्मरक्षा के महत्व के बारे में भी समझाया जाता है. उनकी अकादमी में आर्थिक रूप से कमजोर और अनाथ बच्चों को भी बिना फीस लिए प्रशिक्षण दिया जाता है. जरूरत पड़ने पर समाज के सहयोग से ऐसे बच्चों की मदद की जाती है. उन्होंने कहा कि कराटे बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और कई खिलाड़ी इसी प्रशिक्षण के दम पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं.

### ओलिंपिक दिवस पर खिलाड़ियों को किया याद

**भोपाल (खेल प्रतिनिधि).** मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने प्रदेश के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को ट्वीट कर शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं और टीम भावना के साथ आगे बढ़ने की सीख देते हैं. मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में उन खिलाड़ियों और खेल से जुड़ी हस्तियों को भी याद किया, जिन्होंने खेलों के लिए अपना जीवन समर्पित किया. उन्होंने कहा कि ओलंपिक जैसे बड़े आयोजन दुनिया को एक मंच पर जोड़ने का काम करते हैं और युवाओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं. इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने सोशल मीडिया में पोस्ट कर जताया कि वर्ष 2025-26 में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 57 पदक जीते हैं. इनमें 18 स्वर्ण, 22 रजत और 17 कांस्य पदक शामिल हैं. इससे प्रदेश का नाम वैश्विक स्तर पर मजबूत हुआ है. हर साल 23 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस खेल, फिटनेस और स्वस्थ जीवन का संदेश देता है. इस बार भी दुनिया भर में लोगों को खेलों से जुड़ने और सक्रिय जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.



# आदिरंग शिल्पकार महोत्सव का समापन

▸ जनजातीय कला देश की अमूल्य धरोहर: सीएम

**भोपाल, 23 जून. भोपाल, 23 जून. अचारपुरा स्थित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में आयोजित आदिरंग शिल्पकार महोत्सव का समापन मंगलवार को हुआ.**

इस समापन महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. उन्होंने कहा कि एनआईडी जनजातीय कला को आधुनिक डिजाइन और बाजार से जोड़कर सराहनीय काम कर रहा है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव जनजातीय समाज के स्वाभिमान का प्रतीक है और उनकी कला देश की अमूल्य धरोहर है. उन्होंने कलाकारों की कलाकृतियों में उपयोग किए गए रंगों और रचनात्मकता की सराहना की.कार्यक्रम में मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. एनआईडी की निदेशक डॉ. विद्या राकेश ने बताया कि कार्यशालाओं के माध्यम से शिल्पकारों को नई तकनीक, ब्रांडिंग और विपणन की जानकारी दी गई.



### डिजिटल प्रोडक्ट डिजाइन पर प्रशिक्षण

**भोपाल, 23 जून.** राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान निटर भोपाल और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. यह 22 से 26 जून तक संचालित हो रहा है. कार्यक्रम का विषय कंप्यूटर एडेड डिजाइन 2डी ड्राइंग एवं 3डी मॉडलिंग है,जिसमें आधुनिक सॉफ्टवेयर के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है. इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को आधुनिक उत्पाद डिजाइन तकनीकों, उन्नत 3डी मॉडलिंग, इंजीनियरिंग ड्राफ्टिंग और असेंबली डिजाइन में दक्ष बनाना है.

# रेटिना से अल्जाइमर के मिल सकते हैं शुरुआती संकेत

▸ एम्स भोपाल के शोध में की गई आंख और मस्तिष्क के संबंधों की पहचान

**भोपाल, 23 जून. एम्स भोपाल के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में रेटिना और मस्तिष्क संबंधी रोगों के बीच महत्वपूर्ण जैविक संबंधों की पहचान की गई है. शोध में उम्र से संबंधित मैकुलर डिजनरेशन, अल्जाइमर और पार्किंसंस (पीडी) रोगों में समान न्यूरोइम्यून तंत्र पाए गए हैं.**

अध्ययन के अनुसार रेटिना में होने वाले परिवर्तन मस्तिष्क संबंधी विकारों के प्रारंभिक संकेतक के रूप में कार्य कर सकते हैं. शोध से अल्जाइमर जैसी बीमारियों की समयपूर्व पहचान तथा बेहतर उपचार रणनीतियों के विकास की संभावनाएं मजबूत हुई हैं. अध्ययन के निष्कर्ष दृष्टि और मस्तिष्क स्वास्थ्य दोनों की सुरक्षा के लिए एकीकृत चिकित्सा दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हैं. एम्स भोपाल के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया अध्ययन प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका सीएनएस एंड न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स - ड्रग टार्गेट्स में प्रकाशित हुआ है.

# जर्मनी में चमके एमपी के जतिन

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 23 जून. मध्य प्रदेश के युवा निशानेबाज जतिन ने जर्मनी के सुहल शहर में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया.**

16 से 26 जून तक चल रही इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जतिन ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर पुरुष टीम स्पर्धा में भारतीय टीम का हिस्सा रहते हुए तीसरा स्थान हासिल किया. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के कई देशों के निशानेबाजों के बीच हुए मुकाबले में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन किया और कांस्य पदक अपने नाम किया.



> जतिन की इस उपलब्धि से मध्य प्रदेश के खेल जगत में खुशी का माहौल है. खेल विशेषज्ञों का मानना है कि जूनियर स्तर पर मिली यह सफलता आने वाले समय में जतिन के लिए बड़े मंचों तक पहुंचने का रास्ता खोल सकती है. उनकी इस कामयाबी को प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा माना जा रहा है.

### रोमांटिक हिट्स थीम पर म्यूजिकल नाइट 26 को

**भोपाल.** गंधर्व कल्चर एंड इवेंट द्वारा अक्षदा सोशल वेलफेयर सोसायटी और किशोर कुमार संगीत अकादमी के सहयोग से मासिक संगीत श्रृंखला के तहत 26 जून को शाम 6 बजे कराओके म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम कुबेर बैंक्वेट बाग मुगलिया में होगा. इस बार थीम ऑल टाइम रोमांटिक हिट्स रखी गई है जिसमें शहर के पेशेवर और शौकिया गायक लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देंगे. आयोजन का उद्देश्य संगीत प्रेमियों को मंच देना और शहर में बेहतर सांगीतिक माहौल बनाना है. कार्यक्रम में भाग लेने या जानकारी के लिए मो. नंबर 99772 82528 पर संपर्क किया जा सकता है.



# जयकारों के साथ निकली श्रीजी की शोभायात्रा

▸ समयसार कलश महामंडल विधान शुरू

**भोपाल, 23 जून. श्री सीमंधर जिनालय के 28 वें वार्षिकोत्सव व श्री समयसार कलश महामंडल विधान एवं आध्यात्मिक शिविर के शुभारंभ अवसर पर श्रीजी के जयकारों के साथ मंगलवार सुबह शोभायात्रा निकाली गई.**

शोभायात्रा में पालकी में विराजमान भगवान जिनेंद्र की प्रतिमा भक्ति और आस्था का केंद्र थी. ललवानी प्रेस रोड स्थित श्री 1008 सीमंधर जिनालय से शुरू हुई शोभायात्रा लखेरापुरा होती हुई जैनमति बाई जैन धर्मशाला गुर्जरपुरा पहुंचकर संपन्न हुई. यहां श्रीजी की प्रतिमा को विराजमान किया. आयोजन डालचंद कमल श्री बाई सीमंधर जिनालय व मुमुक्षु मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है.

सामाजिक दायित्व | प्रफुल्ल माहेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट का नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम, दो बैच हुए पूरे

# फ्री डिजिटल कोर्स से बच्चों को मिल रहा तकनीकी ज्ञान

**भोपाल, 23 जून. श्री प्रफुल्ल माहेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं को मुफ्त में डिजिटल और कंप्यूटर शिक्षा दी जा रही है. जनवरी 2026 में शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अब तक दो बैच पूरे हो चुके हैं.**

हाल ही में समर कोर्स का दूसरा बैच खत्म होने के बाद विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए. ट्रस्ट की प्रशिक्षक कामिनी शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण के समर कोर्स में 14 बच्चों ने हिस्सा लिया, इससे पहले एमएस ऑफिस के बैच में 12 से 13 विद्यार्थी जुड़े थे. तीन महीने के इस कोर्स में एमएस ऑफिस के साथ गूगल डॉक, गूगल शीट, गूगल स्लाइड्स, क्लाउड एआई, सुनो एआई और कैनवा जैसे आधुनिक टूल्स की जानकारी दी गई. बच्चों को वीडियो एडिटिंग, फोटो डिजाइन, क्यूआर कोड बनाना और डिजिटल प्रेजेंटेशन तैयार करना भी सिखाया गया.




श्री प्रफुल्ल माहेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव पूजा माहेश्वरी ने बच्चों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र प्रदान किये.

> ट्रस्ट की सचिव पूजा माहेश्वरी ने बताया कि इस पूरी पहल का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों तक तकनीकी शिक्षा पहुंचाना है, ताकि बच्चे और युवा अपने भविष्य के लिए बेहतर तैयारी कर सकें. यह कोर्स पूरी तरह नि:शुल्क है और इसमें हर उम्र के लोगों को विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में सीखने का मौका दिया जा रहा है.

'सुनो एआई' के जरिए गीतों के बोल को ऑडियो में बदलने की प्रक्रिया भी समझाई गई. प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने स्वयं वीडियो और कई डिजाइन तैयार किए.

### युवा क्रांति रोटी बैंक संस्था के भगवानदास बने प्रवक्ता

**भोपाल, 23 जून.** जरूरतमंदों के लिए युवा क्रांति रोटी बैंक के माध्यम से सेवा में अग्रणी संस्था की अध्यक्ष रिंकू ओझा द्वारा भगवानदास ढालिया को संस्था का प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी और संध्या सिंह, शिवानी लोधी एवं गंगा लोधी को संस्था का सदस्य मनोनीत किया गया है. अध्यक्ष रिंकू ओझा ने विश्वास व्यक्त किया कि नव नियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्य संस्था की सेवा गतिविधियों को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे.



## नगर में आज

**दादाजी धाम मंदिर का 16वां स्थापना दिवस**
**समय-** सुबह 9 बजे से, **स्थान-** दादाजीधाम मंदिर पटेल नगर रायसेन रोड

**राग यमन पर कार्यशाला**
**समय-** शाम 5 :30 बजे से 29 जून तक **स्थान-** द आर्ट हाउस अरेरा कॉलोनी

**शालाका चित्र प्रदर्शनी**
**समय-** दोपहर 12 बजे से, **स्थान-** जनजातीय संग्रहालय